नवोदय

नई दिल्ली

NAVODAYA TIMES, New Delhi

टाइम्स

पिता की सीख से अनुष्का इंटरनेट को बना रहीं खुशहाल 16

ABC से प्रमाणित 1,46,264 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जुलाई-दिसम्बर 2018)

आज विशेष पुलआउट

आज के अंक के साथ 'बाल टाइम्स' और 'नारी' का संयुक्त परिशिष्ट लेना न भूलें। —व्यवस्थापक

शनिवार, 7 सितम्बर, 2019 • तदनुसार 22 भाद्रपद, विक्रमी सम्वत 2076 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 28° | वर्ष 7, अंक 32 | पृष्ठ 18+बाल टाइम्स/नारी (8)

राधा-कृष्ण मंदिर की स्थापना के मौके पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

नोएडा, 6 सितम्बर (ब्यूरो): गौड़ अतुल्यम में शुक्रवार को राधा-कृष्ण भगवान के भव्य मंदिर की स्थापना हुई। इस अवसर पर भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन मूर्ति पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा आयोजित हुई। इस दौरान सोसाइटी में रहने वाले लोगों के अलावा आसपास के निवासियों ने बड़े उत्साह के साथ इन आयोजनों में हिस्सा लिया। इस मौके पर गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ व डायरेक्टर मंजू गौड़ ने मूर्ति पूजन व स्थापना कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गौरतलब है कि गौड़ ग्रुप द्वारा अपनी अन्य सोसाइटियों की तरह गौड़ अतुल्यम में भी श्रद्धालुओं के लिए राधा-कृष्ण का विशाल मंदिर बनाया गया है।

राधा-कृष्ण मंदिर की स्थापना के मौके पर पूजा अर्चना करते भक्त।